# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र

www.gpgcobra.ac.in
govt.p.g.college.obra@gmail.com

दिनांक: 16.09.2022

## सत्र 2022–2023

## एन.सी.सी कैडेटों की भर्ती सूचना

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र के सत्र 2022–2023 में अध्ययनरत् बी.ए., बी. काम., बी.एससी (B.A., B.Sc., B.Com) प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 101, बटालियन मिर्जापुर द्वारा महाविद्यालय में चयन प्रक्रिया होना प्रस्तावित है। भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं को सुनिश्चित करना है कि निर्धारित अग्रलिखित मापदण्डो/शर्तों (FORM – B) का पालन करना अनिवार्य है–

**छात्र/छात्राओं की उँचाई**

1. छात्रों की उँचाई — 5'–7'' से उपर (5 फिट 7 इंच)
2. छात्राओं की उँचाई — 5'–4'' से उपर (5 फिट 4 इंच)

**छात्र/छात्राओं की उम्र सीमा–** 16 से 26 वर्ष

**सामान्य मापदण्ड–**

1. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र में स्नातक प्रथम वर्ष 2022–2023 के संस्थागत का छात्र/छात्रा होना चाहिए।
2. भारत या नेपाल का नागरिक हो।
3. शैक्षणिक योग्यता–हाईस्कूल, इण्टरमिडिएट एवं अन्तिम परीक्षा में कम से कम 65 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो।
4. चरित्र उत्तम होना चाहिए।
5. किसी भी राजनैतिक दल से संबंध न हो और न हीं किसी पार्टी का सक्रिय सदस्य हो।
6. पहले से किसी एन.सी.सी. बटालियन द्वारा बर्खास्त न किया गया हो।

**स्वास्थ्य परीक्षण–**

1. आँख की विजुवलिटी 6/6 एवं चश्में के साथ 6/9 होना चाहिए।
2. किसी भी प्रकार की बीमारी दमा, मिर्गी आदि से ग्रसित न हो।
3. हाईपरटेंशन अथवा बी.पी., शुगर का मरीज न हो।
4. दिव्यांग न हो।
5. दोनों पैर एवं हाथ की कुहनी आपस में सटती न हों।

**इनरोलमेंट फार्म के साथ आवश्यक प्रपत्र (चयन प्रकिया के दौरान)**

1. हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट का अंकपत्र/प्रमाणपत्र
2. महाविद्यालय से प्राप्त ग्रीनकार्ड तथा प्रवेश शुल्क रसीद की प्रति
3. बैंक पासबुक की छायाप्रति
4. आधारकार्ड की छायाप्रति
5. **04 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ** (पीछे नाम एवं मोबाइल संख्या लिखा हुआ)
6. प्रमाणित डाक्टर द्वारा **मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट** इनरोलमेंट फार्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र के सत्र 2022–2023 में अध्ययनरत् बी.ए., बी.काम., बी.एससी (B.A., B.Sc., B.Com) प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राएं जो एन.सी.सी में प्रवेश के इच्छुक हो वो Form A के अनुसार वेबसाइट https://indiancc.nic.in/ पर आवेदन कर सकते हैं ।**

प्रति हस्ताक्षरित

प्राचार्य

एन.सी.सी प्रभारी

(डॉ. विजय प्रताप यादव)

Mob No.9554666408

**Form -A**

Telephone: (05442) 297199

101 UP Bn NCC
Govt Polytechnic Campus
Mirzapur – 231001

No.002/NCC/A-I

27 Jun 2022

All Institutes

**PROCEDURE FOR ENROLLMENT OF NEW NCC CADETS: 2022-23**

1. Online Enrollment of New NCC cadet for the year 2022-23 has been started. TheLast date of submitting the application form is ~~25th of Jul 2022~~.

2. Candidates to have scanned PDF copy of the following documents:-
   - (a) Adhar Card (with QR code)
   - (b) Bank Passbook
   - (c) Scanned Passport size Photo
   - (d) College/School admission Cert duly signed by Principal of the college.

3. Following procedure will be used for enrollment of NCC Cadets for 2022-23:-

Visit site - **INDIANCC.NIC.IN**

⇩

Click "NCC Enrollment"

⇩

Download following provided forms
**(Acceptance of Enrollment, Extension of Enrollment, Medical Certificate & Nomination to CWS)**

⇩

Validate 'OTP'

⇩

Fill Details
(Wing- Army/ NCC DTE – UP/ NCC Group – Varanasi 'B'/ NCC Unit-101 UP BN NCC)

⇩ {Save & Next}

Upload Scanned Photo (Size upto 2MB)

⇩ {Save & Next}

Fill (Medical / NOK/Basic Information)

⇩ {Save & Next}

Fill Other Information

⇩ {Save & Next}

Upload Documents

⇩

SUBMIT

Col
Commanding Office
101 UP Bn NCC
Mirzapur

Form - B

------------

## इनरोलमेंट के सन्दर्भ में ।

आप सूच्य हों कि वर्ष 2022 -23 हेतु आपके विद्यालय / महाविद्यालय में एन.सी.सी. कैडेटों की इनरोलमेंट की जानी है । कैडेटों के इनरोलमेंट हेतु निम्नलिखित न्यूनतम अर्हता आवश्यक है :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उम्र | – | वरिष्ठ स्कन्द छात्र एवं छात्रा (एस.डी. / एस.डब्ल्यू.) | – | 16 से 26 वर्ष |
| 2. | उम्र | – | कनिष्ठ स्कन्द छात्र एवं छात्रा (जे.डी. / जे.डब्ल्यू.) | – | 12 से 18.5 वर्ष |
| 3. | ऊँचाई | – | वरिष्ठ स्कन्द छात्र (एस.डी.) | – | 5' –7" से उपर |
| 4. | ऊँचाई | – | वरिष्ठ स्कन्द छात्रा (एस.डब्ल्यू.) | – | 5' –4" से उपर |
| 5. | ऊँचाई | – | कनिष्ठ स्कन्द छात्र / छात्रा (जे.डी. / जे.डब्ल्यू.) | – | 4' –5" से उपर |

### सामान्य मापदण्ड :–

1. वह भारत या नेपाल का नागरिक हो ।
2. किसी भी आपराधिक अथवा किसी भी प्रकार के जुर्म में एफ.आई.आर. या कोई वाद पंजीकृत न हो ।
3. पहले से किसी एन.सी.सी. बटालियन द्वारा बर्खास्त न किया गया हो ।
4. उसका किसी भी राजनैतिक दल से सम्बन्ध न हो और न हीं किसी भी पार्टी का सक्रिय सदस्य हो ।
5. उसका चरित्र उत्तम होना चाहिए ।
6. शैक्षणिक योग्यता – हाईस्कूल,इण्टरमीडिएट एवं अन्तिम परीक्षा में कम से कम 65 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो ।

### विशेष मापदण्ड :– इन छात्रों को प्राथमिकता दी जाए :–

1. ऐसे छात्र जो एन.सी.सी. ए एव बी सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुके हों।
2. ऐसे छात्र जो गायन, वादन, नृत्य, अच्छा वक्ता, जिला अथवा प्रदेश स्तर पर किसी भी खेल में भाग लिया हो / एयरगन अथवा राइफल सूटिंग की मान्यता प्राप्त किया हो ।
3. उसमें नैतिक गुण हों ।
4. अंग्रेजी संचार कौशल में दक्ष हो ।
5. मिलिट्री बीयरींग अच्छी हो ।
6. सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिक के पुत्र / पुत्री ।

### स्वास्थ्य परीक्षण :–

1. ऑख की विजुवलिटी 6 / 6 एवं चश्में के साथ 6 / 9 होना चाहिए ।
2. कान एवं दॉत स्वस्थ एवं सुदृढ होना चाहिए ।
3. वह किसी प्रकार के बीमारी दमा,मिर्गी,आदि से ग्रसित न हो ।
4. वह हाईपरटेंशन अथवा बीपी / शुगर का मरीज न हो ।
5. वह विकलांग न हो ।
6. दोनों पैर एवं हॉथ की कुहनी आपस में सटती न हो ।
7. बी.एम.आई लम्बाई के अनुसार हो ।

### वॉछित प्रपत्र :–

1. इनरोलमेंट हेतु इच्छुक छात्र / छात्राओं का पूरा विवरण जैसा कि इनरोलमेंट फार्म के पहले एवं दूसरे पेज पर अंकित है, आवश्यक है तथा इनरोलमेंट में शामिल होने के पूर्व इनरोलमेंट फार्म का पहला एवं दूसरा पेज पूर्ण रूप से भरकर उसके अनुसार वांछित प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा ।

2. प्रमाणित डाक्टर द्वारा मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट इनरोलमेंट फार्म के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।